दैनिक जागरण

बरेली, रविवार
31 मार्च 2019
नगर संस्करण

PAGE NO 03. TOP LEFT

वर्कशॉप : एसआरएमएस के जनरल सर्जरी विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ गैस्ट्रोइन्टेसटाइनल एंडोसर्जन की तीन दिवसीय वर्कशॉप का कॉलेज सभागार में सुबह 10 बजे।

PAGE NO. 05, MIDDLE

आंत के कैंसर में कारगर है रोबोटिक सर्जरी

जागरण संवाददाता, बरेली : सर्जरी में रोबोट का योगदान अच्छा है। मानवीय भूल होने की संभावनाएं कम है। आंत के कैंसर में रोबोटिक सर्जरी रामबाण है। क्योंकि जिन कैंसर कोशिकाओं को आंखों से नहीं देखा जा सकता, उन्हें रोबोटिक सर्जरी द्वारा आसानी से निकाला जा सकता है। यह जानकारी नई दिल्ली से आए सर्जन डॉ. दीप गोयल ने एफआइएजीइएस -2019 के दूसरे दिन चिकित्सकों को दी। श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आयोजित फेलोशिप कांफ्रेंस के दूसरे दिन रोबोटिक सर्जरी पर फोकस रहा। चेयरमेन देव मूर्ति ने एसआरएमएस में 2020 में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की बात कही। इस दौरान डॉ अश्वनी कुमार दलाल, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सुनील पोपट, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. वन्दना सोनी, डॉ. एस के सागर, राघवेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे।

युवाओं में बढ़ रहा बड़ी आंत का कैंसर

जासं, बरेली : युवाओं में कोलन यानि बड़ी आंत का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. दीप गोयल ने एक होटल में डॉक्टरों को बताया कि कोलन कैंसर आनुवांशिक के अलावा धूम्रपान, लाल मांस, जंक फूड का सेवन करने, कब्ज आदि के कारण होता है।